दिनांक 11.04.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

पूर्व में बनाये गये स्मार्ट कार्ड में आधार कार्ड जोडने का कार्य प्रारंभ

भिलाईनगर/ छ.ग. शासन द्वारा राष्ट्रीय एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत पूर्व में पंजीकृत समस्त स्मार्टकार्डधारी परिवारों के स्मार्टकार्ड से आधार नम्बर जोडने का कार्य प्रत्येक वार्ड में शिविर आयोजित कर कार्य प्रारंभ कर किया गया है। स्मार्ट कार्ड मे पंजीकृत सदस्यों के आधार नम्बर दर्ज किया जाना आवश्यक है। आधार नम्बर जोडने से वास्तविक हितग्राहियों का सत्यापन एवं डूप्लीकेट कार्डो का छटनी किया जावेगा। नगर निगम भिलाई के प्रत्येक वार्ड में वार्ड पार्षद के माध्यम से एक निश्चित स्थान में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

आयुक्त के.एल. चौहान ने आम नागरिको से अपील की है कि अपने स्मार्टकार्ड में परिवार के सभी सदस्यों का आधार नम्बर अवश्य दर्ज करावे एवं राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में सहयोग करे।

जन सम्पर्क विभाग